# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 325 | बिजौलिया - शनिवार, 06 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## नामांतरण के बदले रिश्वत का खेल बेनकाब, KDA में संविदाकर्मी ट्रैप

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोटा ने कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) में रिश्वतखोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की। एसीबी टीम ने संविदाकर्मी कपिल राज खींची को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि कार्यालय सहायक (बाबू) जुगल किशोर मीणा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

एसीबी के अनुसार मामला श्रीनाथपुरम स्थित एक पैतृक मकान के नामांतरण से जुड़ा है। परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका वैध कार्य होने के बावजूद फाइल में बार-बार आपत्तियां लगाकर उसे परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि नामांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के बदले संबंधित कर्मचारियों ने 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।


जुगल किशोर मीणा , बाबू


कपिल राज संविदा कर्मी

शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने गोपनीय सत्यापन कराया। 2 जून और 4 जून को किए गए मांग सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर डीएसपी अनीश अहमद के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। शुक्रवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत परिवादी को रिश्वत की राशि लेकर भेजा गया, जहां केडीए कैंटीन में संविदाकर्मी कपिल राज खींची ने 15 हजार रुपये स्वीकार किए। इसी दौरान एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया।


कार्रवाई के दौरान दूसरा आरोपी जुगल किशोर मीणा कार्यालय से निकलकर बचने का प्रयास कर रहा था, लेकिन एसीबी अधिकारियों ने उसे भी हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी परिवादी से 20 हजार रुपये पहले ही वसूल चुके थे और शेष राशि की किश्त लेते समय ट्रैप की कार्रवाई हुई।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। वहीं इस कार्रवाई के बाद केडीए कार्यालय में हड़कंप मच गया।

### आदेशों की अवहेलना भी आई सामने

जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने अप्रैल माह में जारी आदेश के तहत संबंधित बाबुओं को उनके मूल विभाग में लौटने के निर्देश दिए थे, लेकिन आरोपियों ने आदेश की पालना नहीं की। एसीबी इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है।

## बारिश के बाद जीवंत हुआ मेनाल झरना, देशभर के पर्यटकों के लिए है आकर्षण का केंद्र



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

गुरुवार देर रात को क्षेत्र में हुई तेज अंधड़ के साथ अच्छी बारिश के बाद राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मेनाल का झरना एक बार फिर जीवंत हो उठा। पहाड़ियों के बीच लगभग 150 फीट गहरी घाटी में गिरती जलधारा ने पूरे क्षेत्र को मनमोहक बना दिया है। झरने की गर्जना और चारों ओर फैली हरियाली ने मेनाल की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं।

बिजौलिया से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित मेनाल अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहर और धार्मिक महत्व के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। यहां स्थित 12वीं-13वीं शताब्दी के लगभग 20 प्राचीन मंदिरों का समूह भारतीय स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। झरना, घाटी और ऐतिहासिक मंदिरों का अद्भुत संगम मेनाल को राजस्थान के सबसे आकर्षक पर्यटन स्थलों में शामिल करता है।

विशेष बात यह है कि पिछले वर्ष जहां मेनाल का झरना जून के मध्य में शुरू हुआ था, वहीं इस बार मानसून की शुरुआती बारिश के साथ ही जून के पहले सप्ताह में इसका प्रवाह शुरू हो गया है।

इससे क्षेत्र के लोगों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है।

मेनाल का झरना हर वर्ष बारिश के मौसम में हजारों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से भी पर्यटक यहां प्रकृति के अनुपम सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों का आनंद लेने पहुंचते हैं। बरसात के दिनों में यह स्थल फोटोग्राफी, घूमने-फिरने और प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि झरने का समय से पहले शुरू होना अच्छे मानसून का संकेत है, जिससे क्षेत्र में कृषि और पर्यटन दोनों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## बेनीवाल की सुरक्षा घटाने पर भड़की रालोपाः भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट पर भजनलाल सरकार के खिलाफ हल्ला बोल, लगाए सरकार विरोधी नारे, 15 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन ‘






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) जिला इकाई भीलवाड़ा के बैनर तले शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने नागौर सांसद एवं रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा में कटौती किए जाने के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए सांसद बेनीवाल को पुनः जेड प्लस सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।

इस दौरान रालोपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा तख्तियां लहराकर अपना विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में भीलवाड़ा जिले में बजरी माफियाओं के बढ़ते आतंक, अवैध खनन और इससे हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जिले में संचालित बजरी खनन लीजों की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई।

रालोपा ने फुलियाकलां की खारी नदी, गंगापुर की चंद्रभागा नदी तथा रायपुर की कोठारी नदी में संचालित बजरी लीजों को निरस्त कर स्थानीय ग्रामीणों को छोटे-छोटे खनन पट्टे आवंटित करने की मांग उठाई। साथ ही जिले में संचालित विभिन्न खदानों और निजी कंपनियों में स्थानीय युवाओं को 80 प्रतिशत रोजगार देने तथा मजदूरों के वेतन में वृद्धि करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता देते हुए रालोपा ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की अंतिम तिथि बढ़ाने, किसानों की उपज का समय पर भुगतान करने तथा पर्याप्त मात्रा में यूरिया और खाद उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा सोपूरा गांव के बजरी विवाद में दर्ज मुकदमे वापस लेने, लापियां गांव में कथित अवैध ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, जिले की जर्जर सड़कों और बिजली व्यवस्था में सुधार करने की भी मांग की गई।

ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, प्रदेश में कानून व्यवस्था सुधारने, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर नियंत्रण करने, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने की मांग भी शामिल रही।

रालोपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनहित और किसानों से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

## पंचों का तुगलकी फरमानः 1.5 लाख ऐंठे, पंगत से उठाया; अब समाज में वापसी के लिए मांग रहे 2.5 लाख

### पीड़िता के पिता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनीत चपलोत।** समाज के कुछ पंचों पर सामाजिक बहिष्कार करने, हुक्का-पानी बंद करने तथा समाज में शामिल रखने के नाम पर आर्थिक दंड वसूलने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में शिवपुरा का खेड़ा निवासी शिव उर्फ सुवालाल पुत्र रूपाजी अजमेरा ने भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

परिवाद के अनुसार, 19 सितंबर 2024 को क्षत्रिय कुमावत समाज कमेटी, चौखला बागोलिया की ओर से उन्हें एक नोटिस भेजकर समाज की बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा गया। प्रार्थी का आरोप है कि बैठक में उसकी पुत्री के वैवाहिक विवाद को लेकर चर्चा की गई और उस पर फैसला करने का दबाव बनाया गया। जब उसने अपनी पुत्री और उसकी चार वर्षीय बच्ची के भविष्य की चिंता जताई, तो कथित रूप से उसे समाज से हुक्का-पानी बंद करने और बहिष्कृत करने की धमकी दी गई।

पीड़ित का आरोप है कि बाद में समाज में रहने की एवज में उस पर 1 लाख 50 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया, जिसे उसने जमा भी करा दिया। इसके बाद उसे समाज में शामिल रहने की अनुमति दी गई। परिवाद में बताया गया कि कुछ दिन पूर्व गोपालपुरा में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान पुनः समाज के कुछ




लोगों ने उसे घेरकर पुत्री के मामले में फैसला करने का दबाव बनाया। आरोप है कि जब उसने पहले दिए गए 1.50 लाख रुपए का हवाला दिया तो उसे कहा गया कि वह राशि खर्च हो चुकी है और अब उसे समाज से बाहर किया जाता है। साथ ही समाज में पुनः शामिल करने के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए और जमा कराने की मांग की गई।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान उसके परिवार को भोजन तक नहीं करने दिया गया और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। सामाजिक बहिष्कार और लगातार दबाव के कारण परिवार मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है। शिव उर्फ सुवालाल ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा करेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से परिवार भय और तनाव के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है।

## पिवणिया व क्षीरसागर की जल आवक में मिला मेडिकल वेस्ट का जखीरा, चिकित्सा विभाग ने दिखाई सख्ती, पुलिस थाने में दर्ज कराया मामला

### शाहपुरा के निजी अस्पतालों व मेडिकल स्टोर संचालकों में मचा हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शहर में आसींद रोड़ पर विद्युत ग्रिड के समीप पिवणिया तालाब (क्षीरसागर) में बारिश के पानी की आवक के रास्ते पर मेडिकल वेस्ट मिलने के मामले में चिकित्सा विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को शाहपुरा थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। विभाग की इस कार्रवाई से निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया है।

इस संवाददाता द्वारा प्रकरण के संज्ञान में लाने के बाद ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेनाराम कुमावत विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा के कर्मचारियों को भी मौके पर बुलाकर मेडिकल वेस्ट की बारीकी से जांच करवाई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बरामद बायो-मेडिकल वेस्ट किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान का नहीं है। अधिकारियों के अनुसार यह किसी निजी चिकित्सा संस्थान



अथवा मेडिकल स्टोर से संबंधित हो सकता है। डॉ. कुमावत ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस थाना शाहपुरा में रिपोर्ट देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम-2016, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986 तथा अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मेडिकल वेस्ट पर अंकित बैच नंबर और कोड नंबर के आधार पर इसके स्रोत का पता लगाया जा सकता है। इससे पहले जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अशोक जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच समिति गठित की थी। समिति में फार्मासिस्ट प्रकाश शर्मा, डीडीसी सहायक संपत तेली तथा आयन को शामिल किया गया। समिति ने आसींद रोड बाइपास स्थित विद्युत ग्रिड के पास करीब 200 मीटर दूरी पर पड़े मेडिकल वेस्ट का निरीक्षण कर विस्तृत जांच की।

जांच रिपोर्ट में भी स्पष्ट किया गया कि बरामद मेडिकल वेस्ट किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान का नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार मौके पर मिली सामग्री में विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के उत्पाद शामिल थे, जिससे यह संभावना व्यक्त की गई कि यह वेस्ट किसी निजी मेडिकल स्टोर या निजी चिकित्सा संस्थान से संबंधित हो सकता है। पीएमओ डॉ. अशोक जैन ने बताया कि जांच की तथ्यात्मक रिपोर्ट अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रकाशचंद रेगर एवं उपखंड अधिकारी शाहपुरा सुनील मीणा को भेज दी गई है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को जीव दया सेवा समिति शाहपुरा ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। समिति के संयोजक अत्तू खां कायमखानी ने चिकित्सा मंत्री के मार्फत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से वार्ता कर मामले में कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि बरसात के मौसम को देखते हुए पानी की आवक के सभी प्राकृतिक मार्गों की जांच कराई जानी चाहिए तथा जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। विभागीय कार्रवाई के बाद अब मेडिकल वेस्ट फेंकने वालों की पहचान और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## बेखौफ बदमाश का आतंक : सरेआम भीड़भाड़ वाले चौराहे पर महिला से लूटी 2 तोले की सोने की चेन, CCTV में कैद हुई वारदात

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

प्रताप नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। गुरुवार रात करीब 8 बजे चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित मुख्य चौराहे के पास एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर बाइक सवार दो बदमाश फरार हो गए। वारदात का सीसीटीवी वीडियो शुक्रवार को सामने आया, जिसमें आरोपी घटना को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार आशा देवी शर्मा (55), पत्नी देवेंद्र शर्मा, निवासी चंद्रशेखर आजाद नगर गुरुवार रात्रि को सब्जी खरीदने के लिए कॉलोनी में ही गई थीं। इसी दौरान वह पास की एक दुकान से झाड़ू खरीद रही थीं, तभी बाइक पर आए दो बदमाशों में से एक बदमाश उतर कर आया ओर उनके गले से करीब दो तोले सोने की चेन झपट ली और अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गए।



घटना मुख्य चौराहे और भीड़भाड़ वाले इलाके में होने से क्षेत्र के लोगों में दहशत और आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाश अब खुलेआम भीड़भाड़ वाले इलाकों को भी निशाना बनाने लगे हैं।

पीड़िता ने मामले में प्रताप नगर थाने में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रताप नगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा ने बताया कि महिला के साथ हुई चेन लूट के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

## पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवाईपुर पर किया गया । डॉ. राजेंद्र कुमार सोमानी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा और नियमित रूप से देख-रेख का संकल्प लिया । पौधों से आने वाले समय में परिसर न केवल हरा-भरा दिखेगा, बल्कि स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण भी मिलेगा ।

इस दौरान डॉ. बनवारी लाल चौधरी, डॉ. राजेंद्र कुमार सोमानी, लोकेश कुमार जीनगर, गोविंद राम माली, देवेंद्र पाल गुर्जर, राकेश कुमार हरिजन आदि मौजूद रहे ।।

## सवाईपुर क्षेत्र में तेज अंधड़ के साथ झमाझम बारिश, पेड़ व होर्डिंग बोर्ड धराशाई

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, जित्यास, नोहरा, कुड़ी, खजीना आदि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार तड़के मौसम के करवट लेते हुए तेज अंधड़ के साथ बारिश का दौर चला । शुक्रवार अल सुबह करीब 3 बजे शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुक कर सुबह 6 बजे तक जारी रहा । बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं तेज अंधड़ से जनजीवन भी प्रभावित



हुआ । तेज हवाओं और अंधड़ के चलते कई पेड़-पौधे धराशाई हो गए, वही सवाईपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय के बाहर लगा बोर्ड टूट कर आधा नीचे आ गया । ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं आमजन ने भी गर्मी से राहत मिली ।।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाये पौधे, लिया देखभाल का संकल्प




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान एवं मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को पदाधिकारियों ने आजाद चौक में बिल्व पत्र के पौधे रोपित कर उनकी देखभाल व सुरक्षा का संकल्प लिया। उपभोक्ता समिति के प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में समिति प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू, संरक्षिका मंजू पोखरना, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सक्सेना, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अनिल पारीक, महिला युवा प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़, जिला सचिव कमलेश बोडाना, डीके मोदी, अरविंद जैन, ममता शर्मा एवं मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल से निशा अग्रवाल, रेणू अग्रवाल, रितु निमोदिया आदि उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजयुमो ने लगाए 101 नीम के पौधे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के तत्वावधान में नारायणपुरा विद्यालय ग्राउंड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया सह-प्रभारी रामपाल चौधरी ने किया।

रामपाल चौधरी ने बताया कि भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा के निर्देशानुसार प्रदेशभर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नारायणपुरा विद्यालय ग्राउंड में कार्यकर्ताओं द्वारा 101 नीम के पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने



पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाने की शपथ ली। वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मांडल के पूर्व प्रधान गोपी सारस्वत, सत्यनारायण पारीक, घनश्याम विश्नोई, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गंगापुर में मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट, सभी विभागों को दिए निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

आगामी मानसून को देखते हुए नगर में उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को बाढ़, अतिवृष्टि एवं आपदा प्रबंधन के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पेयजल उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी, विद्युत व्यवस्था, जल संसाधनों के रखरखाव, सड़कों एवं पुलियों की सुरक्षा, पशु चिकित्सा सेवाएं, विद्यालयों में सुरक्षा उपाय, स्वच्छता अभियान तथा आपदा नियंत्रण कक्षों की सक्रियता पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक संसाधन एवं राहत सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशासन ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मानसून के दौरान जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए पूर्ण सतर्कता बरतने तथा राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने को कहा।

# अशोक जाट पर जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** पुर थाना क्षेत्र स्थित एनएच-48 पर होटल सरपंच के संचालक एवं उसके साथियों पर काणोली निवासी अशोक जाट के साथ कथित जानलेवा हमला करने के आरोप को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जाट महासभा अध्यक्ष सत्यनारायण गूगड़ एवं भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र जाट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 1



जून को होटल सरपंच के संचालक ओमप्रकाश जाट, राकेश तथा अन्य लोगों ने अशोक जाट पुत्र भंवरलाल जाट के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीड़ित का अब तक ज्यूरिस्ट मेडिकल परीक्षण भी नहीं कराया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच, नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गंभीर धाराओं में कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य भंवरलाल गाडरी, लक्ष्मण खारोल, गोपाल जाट, किशन जाट, पूषालाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।


## पिकअप और बोलेरो की भिड़ंत में चार घायल, एक भीलवाड़ा रेफर

### लाडपुरा मेगा हाईवे पर त्रिवेणी पुलिया के पास हुआ हादसा, तीन जनों को शांति भंग में किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

लाडपुरा मेगा हाईवे पर त्रिवेणी पुलिया के निकट गुरुवार देर रात पिकअप और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक चिकित्सालय बीगोद पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना में बोलेरो सवार राहुल (21) पुत्र सरदार गुर्जर निवासी पाटन किशनगढ़, देवेंद्र (26)



पुत्र सूरजराम गुर्जर निवासी बड़ा गांव किशनगढ़, राकेश (26) पुत्र हीरा जाट निवासी तिलोनिया किशनगढ़ तथा फारूक पुत्र इस्माइल मुल्तानी निवासी बीगोद घायल हो गए।

चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद राहुल, देवेंद्र और राकेश को छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल फारूक को बेहतर उपचार के लिए भीलवाड़ा रेफर किया गया।

थानाधिकारी जय सुल्तान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बोलेरो चालक द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हादसा होना सामने आया है। इस मामले में बोलेरो सवार तीन जनों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।


## होलीरड़ा में गणपति स्थापना के साथ नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ

### 17 जून को मूर्ति एवं कलश स्थापना, तैयारियां शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**

निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में श्रीराम-जानकी मूर्ति स्थापना, हनुमान मंदिर एवं वीर तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर पर कलश स्थापना समारोह के तहत आयोजित नवदिवसीय सप्तकुंडीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को गणपति स्थापना एवं अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ हुआ।



यज्ञाचार्य पंडित गोपाललाल भट्ट, पंडित भगवती प्रसाद शर्मा एवं पंडित लखन शर्मा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

आयोजन समिति के अनुसार 7 जून को मुख्य यजमान कुंड की बोली, 8 जून को अखंड रामायण पाठ, 9 जून को जल यात्रा, मंडप प्रवेश एवं प्रभात फेरी तथा 10 जून से देवता स्थापना, अग्नि स्थापना एवं हवन का क्रम शुरू होगा। 17 जून को प्रातः मूर्ति एवं कलश स्थापना समारोह, पूर्णाहुति तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समारोह को लेकर गांव में तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

## मानसून से पहले बनास पुलिया का निर्माण अधर में, ग्रामीणों में बढ़ी चिंता

### निर्माण कार्य शुरू कर बीच में छोड़ गया ठेकेदार, संकेतकों के अभाव में हादसे की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक।** कस्बे से होकर गुजरने वाली बनास नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कार्य मानसून से पहले अधर में लटक गया है। गत वर्ष सितंबर में मातृकुंडिया बांध से छोड़े गए पानी के तेज बहाव में पुलिया बह गई थी, लेकिन नौ माह बाद भी इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृति जारी होने के बाद ठेकेदार ने करीब 200 मीटर हिस्से को हटाकर निर्माण कार्य शुरू किया तथा नींव का कार्य भी प्रारंभ कर दिया था। आवागमन के लिए वैकल्पिक बाईपास मार्ग भी बनाया गया, लेकिन बाद में निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और अधिकारियों के बीच समन्वय के अभाव के कारण कार्य ठप पड़ा है।



यह मार्ग राजस्थान और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। मानसून नजदीक होने से लोगों को आवागमन बाधित होने और लंबा चक्कर लगाने की चिंता सता रही है। वहीं क्षतिग्रस्त पुलिया पर पर्याप्त चेतावनी संकेतक नहीं होने तथा गूगल मैप पर मार्ग सही दर्शाए जाने से रात के समय वाहन चालकों के गुमराह होने और हादसे की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

**इनका कहना है**

'बनास नदी पुलिया का निर्माण कार्य मानसून पूर्व पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। '

**गोपाल लाल खंडेलवाल, विधायक, मांडलगढ़**

'ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। नई निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ कराया जाएगा। '

**ऋषिकांत बैरवा, सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कोटड़ी**



QUICK BITES

## आंधी-ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे तेज, बलियाखेड़ा में 200 मकान क्षतिग्रस्त

**प्रशासन की संयुक्त टीम कर रही नुकसान का आकलन, फसलों की गिरदावरी भी शुरू**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोटड़ी उपखंड क्षेत्र में हाल ही में आई आंधी और ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों में प्रशासन ने राहत एवं सर्वेक्षण कार्य तेज कर दिया है। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे और क्षति आकलन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

तहसीलदार लाल मीणा, गिरदावर राजेन्द्र काबरा, पटवारी अंकित अग्रवाल, अमित बिश्नोई तथा अन्य अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा बलियाखेड़ा ग्राम पंचायत में मकानों, पशुबाड़ों, टीनशेड तथा कृषि फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत सर्वे किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया।


प्रारंभिक सर्वे में बलियाखेड़ा में करीब 200 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। वहीं कपास सहित अन्य फसलों में हुए नुकसान के आकलन के लिए अलग से पटवारियों की टीम गठित कर गिरदावरी का कार्य शुरू किया गया है।

प्रशासन द्वारा सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को डीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, ताकि पात्र प्रभावित परिवारों को नियमानुसार शीघ्र राहत उपलब्ध कराई जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रभावित गांवों में सर्वे एवं नुकसान के आकलन का कार्य लगातार जारी है।

## जोगणियां माताजी पाटोत्सव में 9 जून को होगी भव्य भजन संध्या

**राष्ट्रीय भजन गायक गोकुल शर्मा देंगे प्रस्तुति, श्रद्धालु होंगे भक्ति रस में सराबोर**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) के तहत 9 जून को रात्रि 8:30 बजे विशेष रात्रि जागरण एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक गोकुल शर्मा (डोराई) अपने सहयोगी कलाकारों के साथ माता रानी के दरबार में भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में माता की महिमा का गुणगान होगा, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे।

महोत्सव में संत-महात्माओं, विद्वानों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की जा रही है।

## कुंड चौक बालाजी मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**



कुंड चौक बालाजी मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बालाजी महाराज की भक्ति में पूरी रात रंग छाया रहा।भजन गायक रतनलाल खारोल पिछोरिया खेड़ा ने बालाजी महाराज के सुंदर भजनों की प्रस्तुति की, जिसने पूरे मंदिर परिसर को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। भजनों की मधुर धुन पर युवक-युवतियां थिरकते नजर आए और भक्ति का अनुपम माहौल बना।

आयोजकों रतनलाल, राकेश तथा श्यामलाल जाट ने सभी आगंतुक मेहमानों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्होंने सभी को दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस आयोजन में शोभालाल जीनगर भाजपा नगर अध्यक्ष अमित तिवारी , पुजारी किशन वैष्णव,राज सिंह, रामनारायण चंदेल, पारस खोईवाल, दिनेश लक्षकार , रमेश तेली,राजकुमार सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिको महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी।

# महिला सशक्तीकरण की दिशा में डबल इंजन सरकार कर रही प्रभावी कार्य : मुख्यमंत्री

## लखपति दीदी योजना से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, ऋण सीमा बढ़ाकर डेढ़ लाख की गई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार गरीब, युवा, किसान एवं महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के खारी का लाम्बा गांव में आयोजित ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद महिलाओं के उत्थान के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, हर घर जल योजना तथा शौचालय निर्माण जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेधावी छात्राओं को स्कूटी योजना का लाभ सीधे उनके बैंक खातों में राशि जमा कर उपलब्ध करा रही है। वहीं मा वाउचर योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सुविधा तथा मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर 5 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

**लखपति दीदी योजना में बढ़ाई ऋण सीमा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। राज्य सरकार ने योजना के तहत ऋण सीमा बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी है तथा ब्याज दर घटाकर 1.5 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी एक ऐतिहासिक पहल है।

**लाभार्थियों को सौंपे चेक और स्वीकृति पत्र**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, स्वीकृति पत्र एवं सहायता सामग्री वितरित की। राजीविका महिला स्वयं सहायता समूह को एक करोड़ 10 लाख 74 हजार रुपये से अधिक की राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों, किसानों एवं महिला लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

**राजीविका से बदली महिलाओं की जिंदगी**

चौपाल में राजीविका से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। क्लस्टर कॉर्डिनेटर सोनू कंवर ने बताया कि राजीविका से जुड़ने के बाद उनकी मासिक आय 20 से 25 हजार रुपये तक पहुंच गई है। वहीं लखपति मास्टर ट्रेनर मोना देवी ने बताया कि उन्होंने चार हजार से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया है और आज उनकी पहचान 'लखपति दीदी' के रूप में बन चुकी है। कृषि सखी दिव्या शर्मा, डाटा सखी हीना बानो तथा बसंती गुर्जर ने भी राजीविका से जुड़ने के बाद हुए आर्थिक एवं सामाजिक बदलावों की जानकारी दी।

**गांव में करेंगे रात्रि विश्राम**

मुख्यमंत्री का खारी का लाम्बा गांव में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम निर्धारित है। वे रविवार सुबह गांव में प्रातः भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद करेंगे तथा विकास कार्यों की जानकारी लेंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक, प्लास्टिक मुक्त जीवन का दिलाया संकल्प

## आरयूआईडीपी की सीएपीपी इकाई ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शाहपुरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम (सीएपीपी) इकाई द्वारा फूलिया गेट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सीएपीपी इकाई के महेंद्र सिंह राणावत ने उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम 'हमारे भविष्य के लिए जलवायु के लिए प्रकृति से प्रेरित' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करना आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने तथा टिकाऊ भविष्य के निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया।

नगर पालिका के स्वच्छता इंजीनियर प्रहलाद गुलपारिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसका पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पॉलीथीन का उपयोग नहीं करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर पार्षद स्वराज सिंह, सोनू एवं आवेश बालमुकुंद सहित अनेक महिलाएं और आमजन उपस्थित रहे।

# पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**मानव तिवाड़ी ।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर रीडर गोपेश शर्मा, गोपाल पाराशर, नरेश धाकड़, सुनीता नायक, एडवोकेट कपिल धाकड़, सुनील जोशी, नरेश सिंह तंवर, सुनील स्वर्णकार, गौरव शर्मा, मनीष धाकड़, दीपक मीणा एवं मनोज यादव मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई द्वारा प्रताप नगर थाना परिसर में किया वृक्षारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भीलवाड़ा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर भीलवाड़ा सांसद एवं संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई, जिला भीलवाड़ा द्वारा प्रताप नगर थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश देते हुए विभिन्न छायादार एवं फलदार प्रजातियों के 21 पौधे लगाए गए।

युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम प्रताप नगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा एवं थाना स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर थाना परिसर में अर्जुन, सेमल, कचनार, आम, बम्बू एवं जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही सभी उपस्थित जनों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी ने कहा कि 'वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। संभागीय महिला अध्यक्ष मधु जाजू ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। ।

प्रताप नगर थानाधिकारी सुनील जी ताड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक सामाजिक दायित्व है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा किए जा रहे इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। '

कार्यक्रम में फेडरेशन के प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, महिला प्रदेश महामंत्री आरती कोगटा, महिला संभागीय अध्यक्ष मधु जाजू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ओ.पी. हिंगड़, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष लीला राठी, ऊषा अग्रवाल, जतन हिंगड़, युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी, जिला महामंत्री राकेश सिंघवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष राठी, विजय विजयवर्गीय, आशीष जैन, मनीष सेठी, कोषाध्यक्ष त्रिदेव मूंदड़ा, जिला मंत्री अंशुल शाह, मितेश सोडाणी, संगठन मंत्री विकास चौधरी, मनीष विजयवर्गीय, मीडिया प्रभारी हरीश हिंदुस्तानी जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# हरिशेवा उदासीन आश्रम में आध्यात्मिक त्रिवेणी का अनुपम संगम

## -भगवान श्रीकृष्ण को श्रद्धाभाव से अर्पित किया छप्पन भोग
## -भगवान की लीलाओं में जीवों के कल्याण की भावना निहित - स्वामी अशोकानंद जी महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

सनातन सेवा समिति, हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज (जबलपुर) ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण, गोकुल आगमन एवं उनकी मनोहारी बाल लीलाओं का अत्यंत रसपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे तथा पूरा आश्रम कृष्णमय वातावरण से सराबोर रहा।

स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने पूतना उद्धार, शकटासुर वध, तृणावर्त संहार, माखन चोरी, ऊखल बंधन तथा यमलार्जुन मोक्ष जैसे प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की प्रत्येक लीला में जीवों के कल्याण का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण



ने बाल्यावस्था में ही असुरों का विनाश कर धर्म की स्थापना तथा भक्तों की रक्षा का संदेश दिया। उनकी बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। कथा के दौरान उन्होंने श्रीमद्भागवत का प्रसिद्ध श्लोक सुनाते हुए कहा- 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्' अर्थात समस्त अवतारों में भगवान श्रीकृष्ण स्वयं पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान हैं। उन्होंने भगवान की करुणा का वर्णन करते हुए कहा-

'श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्॥ '

अर्थात भगवान विष्णु का श्रवण, कीर्तन, स्मरण, चरण सेवा, अर्चन, वंदन, दास्य भाव, सख्य भाव एवं आत्मसमर्पण भक्ति के नौ प्रमुख स्वरूप हैं, जिनके माध्यम से मनुष्य परमात्मा को प्राप्त कर सकता है।

स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने कहा कि पुरुषोत्तम मास आत्मचिंतन, साधना, दान, जप, तप एवं सत्संग का विशेष अवसर है। इस पावन काल में भगवान के नाम का स्मरण करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

कथा उपरांत भगवान श्रीकृष्ण को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से छप्पन भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में आकर्षक रूप से सजाए गए छप्पन भोग में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्न, फल, मेवा, पेय पदार्थ एवं पारंपरिक व्यंजन भगवान को समर्पित किए गए। छप्पन भोग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रही। भक्तों ने भगवान के जयकारों एवं भजनों के मध्य महाआरती में भाग लिया तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आश्रम परिसर भक्तिमय उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

आज आयोजित विष्णु यज्ञ में गोविन्दलाल-मंजू देवी गोहिल तथा विजय कुमार-नीलू गोहिल ने जोड़े सहित आहुतियां अर्पित की तथा भगवान महादेव का रुद्राभिषेक किया। आश्रम के संत मायाराम एवं संत गोविन्दराम ने श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास के दौरान भीलवाड़ा में प्रवाहित हो रही धर्म, भक्ति एवं सत्संग की त्रिवेणी का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संत राजाराम, संत ईशानराम, संत सुयज्ञराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# गोवंश सेवा के लिए स्वामी हंसराम उदासीन ने दिए एक लाख रुपए

## सीताराम गोशाला में बन रहे शेड निर्माण कार्य में किया सहयोग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सीताराम गोशाला काइन हाउस में गोवंश संरक्षण के लिए बनाए जा रहे शेड निर्माण कार्य हेतु हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने एक लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।

इससे पूर्व भी वे सहयोग कर चुके हैं, जिससे उनका कुल योगदान साढ़े तीन लाख रुपए



तक पहुंच गया है।

गोशाला प्रबंधन ने बताया कि निर्माणाधीन शेड से असहाय गोवंश को गर्मी, बारिश और अन्य प्राकृतिक विपरीत परिस्थितियों से राहत मिलेगी। इस अवसर पर गौपूजन एवं आरती का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे स्वामी अशोकानंद जी महाराज, संत ईशान राम, संत सुयज्ञ राम सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने गोसेवा को मानवता की सच्ची साधना बताते हुए समाज से इस पुनीत कार्य में सहयोग की अपील की।

# पर्यावरण दिवस पर कृषि विभाग की कृषक गोष्ठी आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा नीलकंठ महादेव परिसर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल मीना ने बताया कि गोष्ठी में सहायक कृषि अधिकारी नासिर बेग ने किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। उन्होंने जीवामृत, बीजामृत, वर्मी कम्पोस्ट एवं कम्पोस्ट खाद



के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण एवं मिट्टी को दूषित होने से बचाने के लिए किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक खेती को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। कृषि पर्यवेक्षक ने कृषि यंत्र अनुदान, तारबंदी, पाइपलाइन, गोवर्धन जैविक खाद, फार्म पॉण्ड सहित अन्य योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया तथा इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। गोष्ठी में उपस्थित किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े विषयों पर चर्चा की और विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के प्रति प्रेरित करना रहा।

# रीको ने 348 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की

## फतेहपुरा-समेलिया, मांडलगढ़, गुलाबपुरा सहित कई औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड उपलब्ध, 16 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) ने जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 348 औद्योगिक भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन (ग्यारहवें चरण) की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके तहत शाहपुरा के फतेहपुरा-समेलिया, मांडलगढ़ के करणपुरा, हमीरगढ़ के कान्याखेड़ी, अंटाली के उखलिया, गुलाबपुरा के पंडेर, मांडल के धुवाला, जहाजपुर के पीपलूंद तथा करेड़ा के किडीमाल औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। फतेहपुरा-समेलिया में दो वेयरहाउस भूखंड भी शामिल हैं।

इसके अलावा टेक्सटाइल पार्क रूपाहेली (हुरड़ा) में 18 औद्योगिक भूखंड आवंटन के लिए रखे गए हैं, जिनके लिए राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025 के अंतर्गत आने वाली इकाइयां आवेदन कर सकेंगी।

रीको के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एस.के. नेनावटी ने बताया कि फतेहपुरा-समेलिया, पंडेर, पीपलूंद, धुवाला एवं किडीमाल औद्योगिक क्षेत्रों को फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी में शामिल किया गया है।

इसके तहत भूखंडों का आवंटन आरक्षित दर के 60 प्रतिशत मूल्य पर 33 वर्ष की लीज अवधि के लिए किया जाएगा।

इच्छुक निवेशकों को 16 जून शाम 6 बजे तक कुल प्रीमियम राशि का 5 प्रतिशत अमानत शुल्क जमा कर आवेदन करना होगा। एक भूखंड पर एक ही आवेदन होने पर सीधा आवंटन किया जाएगा, जबकि एक से अधिक आवेदन होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन होगा।

रीको ने बताया कि निर्धारित शर्तों के अनुसार उद्यमियों को भुगतान में भी सुविधा दी गई है। 25 प्रतिशत राशि जमा कराने पर आवंटन पत्र और भूखंड का कब्जा प्रदान कर दिया जाएगा, जबकि शेष राशि किश्तों में जमा कराई जा सकेगी।

# विधायक कोठारी के 8 प्रतिनिधियों का खाद्य समितियों में मनोनयन

## संजय राठी सहित 5 सदस्य खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जारी आदेशों के तहत भीलवाड़ा नगर निगम क्षेत्र एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति में विधायक अशोक कुमार कोठारी के 8 प्रतिनिधियों को गैर-सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया, जिनका कार्यकाल 2 वर्ष का है।

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने बताया कि जनहित, खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से उनके द्वारा भेजे गए प्रतिनिधियों को राज्य सरकार ने विभिन्न समितियों में जिम्मेदारी प्रदान की है। इससे आमजन की समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेशानुसार तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति में विधायक प्रतिनिधि के रूप में संजय



कुमार राठी, शंकर गुर्जर, राजकुमार इनाणी, मधुबाला यादव एवं पवन लोढ़ा को गैर-सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

इसी प्रकार तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति, भीलवाड़ा नगर निगम क्षेत्र में कोमल शर्मा, राहुल नायक एवं शरद सिंह चौहान को गैर-सरकारी सदस्य मनोनीत किया गया है।

विधायक कोठारी ने सभी मनोनीत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि वे जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर खाद्य सुरक्षा, राशन वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## QUICK BITES

# बरोदा आंगनबाड़ी केंद्र को मिलेगी नई सौगात, जल निकासी व मरम्मत कार्य जल्द शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



ग्राम बरोदा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर जलभराव की समस्या को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सकारात्मक पहल करते हुए समाधान की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों की ओर से दिए गए ज्ञापन के बाद बाल विकास परियोजना अधिकारी कुशाल सिंह राणावत ने मौके पर पहुंचकर केंद्र का निरीक्षण किया और समस्या के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया था कि बारिश के कारण केंद्र के बाहर पानी भर जाने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायत मिलते ही सीडीपीओ ने स्थिति का जायजा लिया तथा पंचायत समिति प्रशासन को पत्र लिखकर पानी की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

निरीक्षण के दौरान केंद्र भवन की मरम्मत की आवश्यकता भी सामने आई। सीडीपीओ राणावत ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के मरम्मत एवं सुधार कार्य के लिए 1 लाख 87 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। स्वीकृति के बाद जल्द ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे केंद्र पर आने वाले बच्चों और महिलाओं को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। ग्रामीणों ने विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि जल निकासी और मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र क्षेत्र के बच्चों एवं मातृशक्ति के लिए और अधिक सुविधाजनक बन जाएगा।

# तेज अंधड़ और बारिश का कहरः कई परिवारों के आशियाने उजड़े, हजारों का नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



क्षेत्र में गुरुवार को आए तेज अंधड़ और बारिश ने ग्रामीण इलाकों में भारी तबाही मचा दी। अचानक चले तेज तूफानी हवाओं और बारिश से कई कच्चे मकानों, झोपड़ियों एवं टीन शेडों को नुकसान पहुंचा, जिससे ग्रामीणों को हजारों रुपये की क्षति हुई।

ग्राम बाघ की झोपड़ियां में कमलेश देवी मीणा के खेत पर लगी सौर ऊर्जा प्रणाली की प्लेटें तेज हवाओं के कारण टूट गईं, जिससे उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं क्षेत्र के कई अन्य परिवार भी प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गए।

ग्राम पंचायत बाकरा में तेज अंधड़ के चलते दुर्गेश बलाई, कालू मीणा, मन्नालाल माली और अनिल सालवी सहित दर्जनों ग्रामीणों के मकानों पर लगे टीन शेड उड़ गए और कई स्थानों पर धराशायी हो गए। कई घरों में बारिश का पानी घुसने से घरेलू सामान भी खराब हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि अंधड़ इतना तेज था कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने तक की हिम्मत नहीं जुटा पाए। कुछ ही मिनटों में कई मकानों की छतें और टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह नुकसान बड़ी परेशानी लेकर आया है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र राहत प्रदान करने एवं क्षति का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# तेज बारिश और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त, पूरी रात बिजली व्यवस्था रही बेहाल

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



**(रोशन)** क्षेत्र में गुरुवार रात्रि को आए तेज तूफान और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। मौसम के अचानक बदले मिजाज से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज तूफान और बारिश के चलते 132 केवी विद्युत लाइन में फॉल्ट आ गया, जिसके कारण बड़लियास ,बरूदनी सहित आसपास के कई गांवों की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल व्यवस्था, पंखे, कूलर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी बंद हो गईं। उमस भरी गर्मी के बीच रातभर बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

तूफान की तीव्रता के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि रातभर बिजली बंद रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रामधाम रोड पर हुआ पौधरोपण

## कपड़े के थैले बांटकर पॉलिथीन मुक्त समाज का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा एवं श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास के संयुक्त तत्वावधान में रामधाम रोड पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जामुन, नीम, शीशम एवं गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

हाथीभाटा आश्रम के महंत संत दास ने कहा कि सौ बालकों को शिक्षित करना और एक वृक्ष लगाकर उसका पालन-पोषण करना समान पुण्य का कार्य है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का दायित्व बताया।

इस अवसर पर 'कपड़े के थैले अपनाओ, पॉलिथीन छोड़ो' अभियान की शुरुआत करते हुए उपस्थित लोगों को निःशुल्क कपड़े के थैले वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद एवं प्रन्यास के पदाधिकारी, पर्यावरण प्रेमी और शिविरार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।